हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग ने उन्नत भारत अभियान गतिविधियों के तहत बोंगटा पंचायत में घर-घर 'क्षय रोग जागरूकता' अभियान शुरू किया। वहीं प्राथमिक विद्यालय में बच्चों पर मोबाइल फोन के होने वाले प्रभावों को लेकर एक सत्र भी आयोजित किया। सत्र के बाद पारंपरिक खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। पीएचडी छात्रों निवेश और युक्ता ने एमएसडब्ल्यू छात्रों के साथ संकाय सदस्यों की देखरेख में इन कार्यक्रमों का समन्वय किया। वहीं नशामुक्ति भारत अभियान पर डॉ. शबाब अहमद और डॉ. अंबरीन जमाली द्वारा नशा मुक्ति केंद्र, अचीवर्स हब फाउंडेशन पर एक सत्र आयोजित किया गया। यह नशा मुक्ति केंद्र हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के पूर्व छात्रों द्वारा स्थापित किया गया है।